**<u>प्रेस नोट –</u>**

**<u>थाना समथर, झाँसी</u>**

**<u>दिनांक 17.07.2025</u>**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **हत्या के अभियोग में वाँछित अभियुक्त 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल लोहे का पाईप बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही क्रम में आज दिनाँक 17.07.2025 को थाना समथर पुलिस द्वारा अभियुक्त राम गोपाल अहिरवार पुत्र अच्छे लाल निवासी ग्राम पचोवई थाना समथर जिला झांसी उम्र करीब 36 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0स0 116/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना समथर, झाँसी को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का पाईप बरामद किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>**

दिनाँक 16.07.2025 को वादी श्री वीर सिंह पुत्र हरगोविन्द सिंह निवासी पचोवई थाना समथर जिला झाँसी द्वारा थाना समथर पर लिखित सूचना दी गयी कि इनके भाई श्री ब्रजराज कुशवाहा अपनी मोटर साइकिल से खेत पर जा रहे थे कि ब्रजराज ठाकुर बाबा मन्दिर के पास अभियुक्त राम गोपाल अहिरवार उपरोक्त ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया। जिससे ब्रजराज कुशवाहा घायल हो गये। जिस पर परिजनों द्वारा उन्हे उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। जहाँ से बेहतर उपचार हेतु डॉक्टरों द्वारा उन्हे मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मजरूब ब्रजराज कुशवाहा उपरोक्त की मृत्यु हो गयी।

प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 - 116/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा स्थानीय पुलिस टीम द्वारा अभियोग में नामजद अभियुक्त राम गोपाल अहिरवार उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में घटना के 24 घण्टे के भीतर अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का पाईप को बरामद कर लिया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**<u>अभियुक्त का नाम/पताः-</u>** राम गोपाल अहिरवार पुत्र अच्छे लाल निवासी ग्राम पचोवई थाना समथर जिला झांसी उम्र करीब 36 वर्ष

**<u>बरामदगीः-</u>** आलाकत्ल लोहे का पाईप

**<u>गिरफ्तार करने वाली थाना पुलिस टीम –</u>**

1. श्री योगेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष समथर, जनपद झाँसी
2. उ.नि. श्री अशोक कुमार, थाना समथर, झांसी
3. उ.नि. श्री सुभाषचन्द्र, थाना समथर, झांसी
3. कां0 1348 पीयूष राव, थाना समथर, झांसी
4. कां0 950 अमरदीप सिंह, थाना समथर, झाँसी